## संपादकीय

# अभियान पर चंद्रयान

निःसंदेह, हर भारतीय के लिये वह गौरव का क्षण था जब स्वदेशी तकनीक से बने बाहुबली रॉकेट जीएसएलवी मार्क-3 के जरिये चंद्रयान-2 को सफलतापूर्वक पृथ्वी की कक्षा में स्थापित कर दिया गया। पहले प्रक्षेपण में आई तकनीकी खामी को समय रहते तलाश कर सुधार लेना हमारे वैज्ञानिकों की कामयाबी रही। चंद्रयान-1 द्वारा चंद्रमा पर पानी के अणुओं के साक्ष्यों की खोज की पुष्टि नासा ने भी की थी। अब चंद्रयान-2 के जरिये भारतीय वैज्ञानिक एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण मिशन की ओर बढ़ चले हैं। यह अभियान न केवल सॉफ्ट लैंडिंग की वजह से चुनौतीपूर्ण है, बल्कि इस मायने में भी जोखिमभरा है कि यह मिशन चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पूरा होगा जहां पहुंचने की हिम्मत दुनिया का कोई देश नहीं कर सका। इस मिशन में चुनौती बहुत बड़ी है। अगर यह अभियान सफल होता है तो यह मानवता के लिये एक बड़ा उपहार होगा। हालांकि, चंद्रयान-2 अभी कुछ दिन पृथ्वी की कक्षा में ही रहेगा और पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 48वें दिन चांद की धरती पर सॉफ्ट लैंडिंग कराई जायेगी। चंद्रयान-2, चंद्रयान-1 के मुकाबले तीन गुना वजनी और करीब चार हजार किलो के लगभग है। इसमें ऑर्बिटर, लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान शामिल हैं। यदि सब कुछ ठीकठाक रहा तो दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर के उतरते ही भारत ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बन जायेगा। इसी बीच चंद्रमा की कक्षा में ऑर्बिटर एक साल तक रहेगा और पृथ्वी व लैंडर बीच कम्यूनिकेशन कायम रखेगा। प्रज्ञान रोवर के कई महत्वपूर्ण प्रयोगों में लेजर बीम के जरिये मिट्टी को जलाना सबसे खास होगा, जिससे पता चल सकेगा कि चंद्रमा में कौन से तत्व कितनी मात्रा में मौजूद हैं। इसके अलावा चंद्रमा पर भूकंपीय गतिविधियों का पता भी लगाया जायेगा।

दरअसल, चंद्रयान-2 के सफल प्रक्षेपण ने इसरो के वैज्ञानिकों को हौसला दिया है कि भारत अंतरिक्ष में मानव अभियान 'गगनयान' को अंजाम दे सकता है। इसी कड़ी में अंतरिक्ष प्रयोगशाला स्थापित करने की संभावनाएं भी जुड़ी हैं। मोदी सरकार भी किसी भारतीय के अंतरिक्ष में जाने को लेकर महत्वाकांक्षी है। माना जा रहा है कि देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ तक इसे अंतिम रूप दिया जा सकता है। बहरहाल, चंद्रयान-2 द्वारा यदि चांद की धरती पर बेहद चुनौतीपूर्ण सॉफ्ट लैंडिंग सफलतापूर्वक कर ली जाती है तो इसके जरिये पूरी दुनिया को चौंकाने वाली जानकारी मिल सकती है। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर किसी भी देश के न पहुंच पाने की वजह से इससे जुड़ी जानकारियों से दुनिया वंचित रही है। माना जा रहा है कि भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर ऐसे अनमोल खजाने हीलियम-3 की खोज कर सकता है, जिससे न केवल देश में समृद्धि आएगी, बल्कि पूरी दुनिया में इनसानी ऊर्जा की जरूरतें पूरी हो सकती हैं। यह ऊर्जा न केवल सुरक्षित होगी बल्कि परंपरागत ऊर्जा स्रोतों के इतर प्रदूषण मुक्त भी होगी। भारत इस कामयाबी की तरफ ऐसे समय में बढ़ रहा है जब दुनिया चांद पर इनसान के कदम रखने की स्वर्ण जयंती मना रही है, जिसने चांद से जुड़े तमाम मिथकों को ध्वस्त करके दुनिया को चौंकाया था। भारत इसी दिशा में आगे बढ़ा है। यदि इस दिशा में कुछ ऐसी नयी कामयाबी मिलती है तो इससे पूरी मानवता का कल्याण होगा। निःसंदेह इस अभियान की सफलता भारत के वैज्ञानिकों की महत्वाकांक्षा को चांद के पार अंतरिक्ष के छोर तक ले जायेगी। इस अभियान से जहां एक ओर वैज्ञानिकों की चंद्रमा को लेकर नयी सोच विकसित होगी वहीं मानवता को भी इसका लाभ मिलेगा। इसरो के वैज्ञानिकों ने मछुआरों से लेकर आम आदमी तक के जीवन में तकनीकों के जरिये जो धनात्मक बदलाव किये हैं, उसने पश्चिमी देशों को जवाब दिया है। उस सवाल का, जिसमें वे गरीबी व आर्थिक असमानता से जूझते भारत के खर्चीले अंतरिक्ष कार्यक्रम पर सवाल उठाते रहे हैं।

# वाहन उद्योग की मंदी से त्रस्त आटोमोटिव उपकरण उद्योग की जीएसटी घटाने की गुहार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश में वाहनों की मांग में गिरावट से त्रस्त भारतीय आटोमोटिव उपकरण निर्माता संघ (एक्मा) ने सरकार से उपकरणों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर घटाकर एक समान 18 प्रतिशत किए जाने की गुहार लगाई है ।

एक्मा के अध्यक्ष राम वेंकटरमानी और महानिदेशक विनी मेहता ने बुधवार को उद्योग के वर्ष 2018..19 के प्रदर्शन का संवाददाताओं को ब्यौरा देते हुए बताया कि घरेलू बाजार में वाहनों की मांग घटने से उपकरण कंपनियों का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है । पिछले साल सितंबर से मंदी छाई हुई है और दस माह के दौरान इस क्षेत्र में रोजगार के अवसरों पर भी संकट आया है । उपकरणों की मांग घटने से 50 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने वाले इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों की नौकरी गई है और यही स्थिति बनी रही तो यह संकट और गहरा सकता है। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि मंदी की वजह से कितने लोगों के रोजगार छिना है। रमानी ने सभी प्रकार के आटो उपकरणों पर वस्तु एवं सेवा कर(जीएसटी) की दर को एक समान 18 प्रतिशत किए जाने की गुहार लगाते हुए चीन से सस्ते आयात को नियंत्रित करने की भी जरुरत बताई । फिलहाल जीएसटी की दरें 18 और 28 प्रतिशत हैं।




उन्होंने कहा कि इस उद्योग के सतत विकास के लिए प्रौद्योगिकी विकास और अधिग्रहण के लिए वित्त उपलब्ध कराने के साथ ही अनुसंधान पर भी रियायतें देना आवश्यक है । मेहता ने सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योग की परिभाषा को बदलने के साथ ही इलैक्ट्रिक वाहनों के लिए बेहतर परिभाषित प्रौद्योगिकी रोड मैप की जरुरत बताई है। वर्ष 2018.19 के कारोबार का ब्यौरा देते हुए एक्मा अध्यक्ष ने बताया कि देश के सकल घरेलू उत्पाद(जीडीपी) में 2.3 प्रतिशत और विनिर्माण जीडीपी में 25 प्रतिशत का योगदान देने वाले इस क्षेत्र में तीन लाख 95 हजार 902 करोड़ रुपए का कारोबार किया जो एक साल पहले की तुलना में साढ़े 14 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान आटो उपकरणों का निर्यात 17.1 प्रतिशत बढ़कर 106048 करोड़ रुपए का रहा।रमानी ने आयात विशेषकर चीन से बढ़ते आयात पर चिंता जताई । समाप्त वित्त में उद्योग का आयात एक साल पहले के 106672 करोड़ रुपए की तुलना में 14.4 प्रतिशत बढ़कर 123688 करोड़ रुपए हो गया । कुल आयात में 61 प्रतिशत हिस्सा एशिया का रहा जगि यूरोप और उत्तर अमेरिका से आयात क्रमश 29 और आठ प्रतिशत रहा।

# जियो की कॉल अटकाना वोडाफोन-आइडिया और एयरटेल को पड़ा भारी, देनी होगी पेनाल्टी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अब जियो की कॉल अटकाने पर वोडाफोन-आइडिया और एयरटेल को पेनाल्टी देनी होगी। इस बात की मंजूरी दूरसंचार नियामक ट्राई की सिफारिश के बाद डिजिटल कम्यूनिकेशन कमीशन ने दे दी है। डीसीसी ने 3050 करोड़ रुपये की पेनाल्टी लगाने को मंजूरी दी है। इस मामले पर अंतिम फैसला सरकार को लेना है। डीसीसी प्रशासनिक तौर पर नीतियां बनाने वाली टेलीकॉम डिपार्टमेंट की सर्वोच्च संस्था है। डीसीसी ने भारती एयरटेल और वोडाफोन पर कुल 2100 करोड़ रुपये पेनाल्टी की सिफारिश है, जबकि आइडिया पर 950 करोड़ रुपये की पेनाल्टी की सिफारिश ट्राई ने की थी।

इन कंपनियों पर आरोप है कि वे 2016 में रिलायंस जियो को शुरुआत में प्वाइंट ऑफ इंटरकनेक्शन नहीं दे रहीं थीं। प्वाइंट ऑफ इंटरकनेक्शन न होने की वजह से जियो के ग्राहक की ओर से की गई कॉल नहीं लगती थी। आरोप है कि जियो के नेटवर्क को कमजोर दिखाने के लिए ऐसा किया जा रहा था। जियो की शिकायत के बाद ट्राई ने हर सर्किल के हिसाब से 50 करोड़ रुपये की पेनाल्टी की सिफारिश की थी। ट्राई के मुताबिक इंटरकनेक्ट न देने का मामला भारती एयरटेल और वोडाफोन के 21-21 सर्किल और आइडिया के 19 सर्किल में पाया गया था। बाद में वोडाफोन और आइडिया का मर्जर हो गया।




# व्हाट्सएप इस वर्ष पूरे देश में भुगतान सेवाओं की करेगी शुरुआत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** व्हाट्सएप के वैश्विक मामलों के प्रमुख विल कैथकार्ट ने कहा है कि कंपनी इस साल भारत भर में अपनी भुगतान सेवाओं की शुरुआत कर सकती है। मैसेजिंग ऐप पिछले एक साल से करीब दस लाख उपयोगकर्ताओं के साथ अपनी भुगतान सेवाओं का परीक्षण कर रही है। भारत में व्हाट्सएप इस्तेमाल करने वालों की संख्या करीब 40 करोड़ है। काथकार्ट ने कहा कि कंपनी चाहती है कि उसके मंच से रुपये भेजना संदेश भेजने जितना ही आसान हो। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि अगर उनकी कंपनी ऐसा करने में कामयाब रहती है तो इससे वित्तीय समावेश को गति देने में मदद मिल सकती है। व्हाट्सएप देश में भुगतान सेवा की शुरुआत करती है तो उसकी प्रतिस्पर्धा पेटीएम, फोनपे और गुगल पे जैसी कंपनियों से होगी। फेसबुक की स्वामित्व वाली कंपनी अन्य बाजारों में भी अपनी भुगतान सेवा शुरू करने की संभावनाएं तलाश रही है। दुनियाभर में करीब डेढ़ अरब लोग व्हाट्सएप का इस्तेमाल करते हैं।

# आईएलएंडएफएस संकट से रीयल एस्टेट कंपनियों को मिलने वाले कर्ज में भारी कमी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** गैर-बैंकिग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) की ओर से रीयल एस्टेट क्षेत्र की कंपनियों को दिये जाने वाला कर्ज पिछले वित्त वर्ष में करीब 48 प्रतिशत तक घटकर 27,000 करोड़ रुपये रह गया। पिछले साल सितंबर में नकदी की कमी के कारण आईएलएंडएफएस के ऋण भुगतान में चूक के बाद कर्ज देने में कमी आयी है। परिसंपत्ति के बारे में परामर्श देने वाली कंपनी जेएलएल की एक रपट के मुताबिक बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां और एचएफसी रीयल एस्टेट डेवलपरों को नया कर्ज देने से बच रही हैं। ऐसे में छोटी कंपनियों ने पिछले वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में बिल्डरों को 4,000 करोड़ रुपये का कर्ज देकर थोड़ी राहत दी। जेएलएल इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख एवं सीईओ रमेश नायर ने कहा, प्रमुख एनबीएफसी आईएलएंडएफएस की ऋण भुगतान में चूक के चलते सितंबर, 2018 के बाद रीयल एस्टेट क्षेत्र नकदी की कमी से जूझ रहा है।

# धोनी ने पैराशूट रेजिमेंट के साथ शुरू की ट्रेनिंग

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भारतीय सेना की पैराशूट रेजिमेंट के साथ दो महीने की ट्रेनिग शुरू कर दी है। धोनी बुधवार को पैराशूट रेजिमेंट की बटालियन में शामिल हुए, जिसका हेडक्वार्टर बेंगलुरू में है। एक करीबी सूत्र ने बताया कि धोनी लंबे सयम से इस बारे में विचार कर रहे थे।

सूत्र ने कहा, जैसे धोनी भारतीय क्रिकेट के महानतम सेवकों में से एक हैं, वैसे ही सेना के लिए उनका प्यार भी जगजाहिर है। वह लंबे समय से अपनी रेजिमेंट के साथ समय बिताने के बारे में सोच रहे थे लेकिन क्रिकेट के कारण वह ऐसा नहीं कर पा रहे थे।

उन्होंने कहा, इससे युवाओं में सेना को लेकर जागरुकता फैलेगी और यही धोनी चाहते हैं। 38 वषीय धोनी पैराशूट रेजिमेंट (106 पैरा टीए बटालियन) की प्रादेशिक सेना इकाई में लेफ्टिनेंट कर्नल की पोस्ट पर मौजूद हैं।



उन्हें भारतीय सेना ने 2011 में यह सम्मान दिया था। इसके अलावा, अभिनव बिंद्रा और दीपक राव को भी यह सम्मान दिया गया था। धोनी 2015 में एक क्वालीफाइड पैराट्रपर बने। उन्होंने आगरा स्थित ट्रेनिंग कैम्प में ट्रेनिंग के रूप में आर्मी के विमान से पांच बार पैराशूट के साथ कूद लगाई। इससे पहले, धोनी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले तीन टी-20, तीन वनडे और दो टेस्ट मैच की सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया था।

# बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका की टीम में अकीला की वापसी, डिकवेला बाहर

**कोलंबो (आरएनएस)।** बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए श्रीलंका ने अपनी 17 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। निरोशन डिकवेला और दनुष्का गुणाथिलका समेत कुल पांच खिलाड़ियों को शुक्रवार से शुरू हो रही सीरीज के लिए टीम से बाहर किया गया है।

अमिला अपोंसो, लक्शन संदाकान और लाहिरु मदुशंका तीन अन्य खिलाड़ी हैं जिन्हें टीम में जगह नहीं मिली है। इस बीच शेहान जयसूर्या, वानिन्दु हसरंगा, अकिला धनंजय, लाहिरु कुमारा और दासुन शानका को टीम में जगह दी गई है। सीरीज के पहले मैच के अनुभवी तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा भी वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। बाकी बचे दो मैचों के लिए मलिंगा की जगह शानका लेंगे।



टीम : दिमुथ करुणारत्ने (कप्तान), कुसल परेरा, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस, एंजेलो मैथ्यूज, लाहिरु थिरिमाने, शेहान जयसूर्या, धनंजय डी सिल्वा, वानिंदू हासरंगा, अकिला धनंजय, लसिथ मलिंगा (पहला वनडे), नुवान प्रदीप, लाहिरू कुमारी, इसुरु उदाना, कासुन राजिथा, दासुन शानका (दूसरा और तीसरा वनडे)।

# मजबूती के साथ खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 251 अंक ऊपर

**मुंबई (आरएनएस)।** देश का शेयर बाजार गुरुवार को तेजी के साथ खुला। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स सुबह 87.37 अंकों की तेजी के साथ 39,543.73 पर जबकि निफ्टी 19.1 अंकों की मजबूती के साथ 11,290.40 पर खुला। शुरुआती कारोबार में बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सुबह 9.38 बजे 251.76 अंकों की मजबूती के साथ 38,099.41 पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी भी लगभग इसी समय 71.35 अंकों की बढ़त के साथ 11,342.65 पर कारोबार करते देखे गए।

## आज का राशिफल

मेषः- परिश्रम से कार्य बनेंगे एवं दैनिक कार्य गति अनुकूल रहेगी, मान-सम्मान व प्रभाव बढ़ेगा, आजीविका की समस्या हल होगी, शुभ दिन।

वृषभः- व्यर्थ की बाधा आ जाने एवं वाद विवाद से मन अशांत रहेगा। क्रोध से बचें अन्यथा हानि होगी, वाहन चलाने में सावधानी बरतें। चोट-चपेट से कष्ट होने की आशंका है।

मिथुनः- मनोनुकूल लाभ होगा। नई योजनाएं बनेंगी। जीवनसाथी के सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे, शुभ समाचार मिलेगा, इच्छा पूर्ण होगी। भाग्य 84फीसदी साथ है।

कर्कः- सुख-समृद्धि बढ़ेगी, यात्रा से लाभ होगा। आज अपनों का पूरा सहयोग मिलेगा। नए संबंध स्थापित होंगे। ये भविष्य में लाभदायक साबित होंगे। कार्य में सफलता की प्रबल संभावना है।

सिंहः- व्यापारिक लाभ व नौकरी में इच्छा अनुकूल परिवर्तन का योग बन रहा है। पारिवारिक स्थिति अनुकूल होगी। मित्र सहयोग देंगे। रक्त चाप व उदर विकार तंग करेगा। भाग्य 73फीसदी साथ है।

कन्याः- संभावित घटनाएं घट सकती हैं, समय प्रतिकूल है। जोखिम पूर्ण कार्यों से बचें। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं, शेयर आदि में निवेश ना करें।

तुलाः- कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनेंगे, शुभ समाचार मिलेगा। भागीदारी में लाभ होगा, स्वजन काम आएंगे, शत्रु पक्ष कमजोर होगा, दैनिक कार्य गति अनुकूल रहेगी।

वृश्चिकः- मित्रों से भेंट व मन प्रसन्न होगा। आय, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, लाभ बढ़ेगा और अपने सहयोग देंगे, शुभ समाचार प्राप्त होगा। भाग्य 94फीसदी साथ है।

धनुः- प्रसन्नता से बाधाएं दूर होंगी, सेहत ढीली रहेगी व धन व्यर्थ में खर्च होगा। कामकाज में मध्यम सफलता मिलेगी लेकिन मन शांत नहीं होगा, जल्दीबाजी से बचें।

मकरः- घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। कुटुंब में कलेश होगा, वाद-विवाद से बचें। शत्रु हानि पहुंचाने का प्रयास करेंगे, परोपकार करें और दान दें।

कुंभः- भागदौड़ होगी पर लाभ भी होगा, तीर्थ यात्रा का योग, शुभ कार्यों पर धन व्यय होगा, उन्नति का शुभ अवसर मिलेगा। भाग्य 92 फीसदी साथ है।

मीनः- यात्रा से लाभ होगा। नए अवसर मिलेंगे, थोड़ा प्रयास व सतर्कता से कार्य बन जाएगा, अपने सहयोग देंगे, चिंता दूर होगी, मन प्रसन्न होगा।

# क्रीमी मशरूम सूप बनाने की विधि



### सामग्रीः

मशरूम- 600 ग्राम,ऑलिव ऑयल- 2 टीस्पून,प्याज- 1 (कटा हुआ),सेलरी (ष्टद्गद्यद्गह्4)- 2 स्टिक (स्लाइस की हुई),लहसुन- 3 कलियां (कटी हुई),हरी धनिया की पत्तियां- कटी हुई,अजवाइन की पत्तियां,वेजिटेबल स्टॉक- 1 लीटर,नमक- स्वादानुसार,लाल मिर्च- स्वादानुसार,कुकिंग क्रीम- 50 मि.ली

### विधिः

1- क्रीमी मशरूम सूप बनाने के लिए सबसे पहले मशरूम कैप्स का बाहरी हिस्सा निकाल कर बारीक काट लें. 2- अब एक पैन में दो चम्मच ऑलिव ऑयल डालकर गर्म करें. अब इसमें एक बारीक कटा प्याज, कटी हुई सैलरी, हरी धनिया और अजवाइन की पत्तियां डालकर ब्राउन होने तक फ्राई करें. 3- अब इसमें से कुछ मशरुम निकालकर गार्निशिंग के लिए किनारे रख दें. अब एक दूसरे पहन में 1 लीटर वेजिटेबल स्टॉक डालकर धीमी आंच पर पकाएं. 4- अब इसमें स्वादानुसार नमक और लाल मिर्च डालकर अच्छे से मिक्स करें. अब इसमें 50 मिलीलीटर कुकिंग क्रीम डालकर धीमी आंच पर 10 मिनट तक पकाएं. 5- अब इसमें फ्राई किए हुए मशरूम और थोड़ा सा ऑलिव ऑयल डालकर 2 से 3 मिनट तक पकाएं.6- लीजिए आपका क्रीमी मशरूम सूप बनकर तैयार है अब इसे फ्राई मशरूम के साथ गार्निश करके सर्व करें.

## शब्द सामर्थ्य- 36

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 35 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौ | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## सू-दोकू- 36

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.35 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |